कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

दिनांक 31.01.2020

समाचार प्रकाशन

स्थानीय सम्पादक

....

....

हिण्डौन सिटीः स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में आज दिनांक 31.01.2020 को वार्षिक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट 2019–20 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट के उद्घाटन के दौरान प्रचार्य श्री सुरेश चन्द मीना ने कहा कि खेलों में आपसी भाईचारा होना चाहिए और खिलाडियों में किसी प्रकार की दुर्भावना नही होनी चाहिए।

खेल अधिकारी श्री अशोक कुमार बैरवा ने अनुशासन में रहकर खेल भावना से खेलों में भाग लेने की बात कही। इस अवसर पर 100 मीटर दौड छात्र/छात्रा, 200 मीटर दौड छात्र, गोला थ्रो, भाला थ्रो, तश्तरी थ्रो, लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड छात्र में धर्मवीर जाटव, 100 मीटर दौड छात्रा में भारती मीना, 200 मीटर दौड में अजय जाट, गोला थ्रा में धर्मवीर जाटव, भाला थ्रो में दीपक धाकड, तस्तरी थ्रो में अजय कुमार लहकोडिया, लम्बी कूद में पुष्पेन्द्र गुर्जर प्रथम स्थान पर रहे।

साथ ही राजकीय महाविद्यालय में आज दिनांक 31.01.2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रचार्य श्री सुरेश चन्द मीना ने की। इस अवसर पर प्रो. धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना का मुख्य उद्देश्य मौजूदा सांस्कृतिक सम्बन्धों के माध्यम से देश के सभी भागों में एकता को बढावा देना ताकि सभी भारत वासियों के बीच मधुर सम्बन्ध स्थापित हो सकें।

इस अवसर पर श्री मुकेश गोयल, श्री सर्वेजीत मीना, डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रदीप कुमार, हेमेन्द्र मीना आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner